मध्यप्रदेश विधान सभा

जून–अगस्त, 1990 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 18 जुलाई, 1990 (आषाढ़ 27, 1912)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथक्तः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री कैलाश चावला, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम लिमिटेड का तृतीय वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1986-87 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री मनहरणलाल पांडे, सदस्य, बिलासपुर जिले के छिरहट्टा ग्राम में खूनी पेचिस से मौतें होने की ओर राज्य मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री रामलखन शर्मा / जगदम्बा प्रसाद निगम / उदय प्रकाश मिश्र, सदस्य, रीवा जिले के मऊगंज में एक मंदिर से हुई मूर्ति चोरी की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

ठाकुर मोहर सिंह, कार्यवाहक सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का तृतीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे:—

"सदन गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के तृतीय प्रतिवेदन से सहमत है."

5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री ललित जैन, सदस्य :—

(क) विधान सभा क्षेत्र क्रमांक–270 (1) में कंडिलपुरा एवं कमाठीपुरा में सुलभ शौचालय अथवा सार्वजनिक शौचालय बनाये जाने के संबंध में 29 व्यक्तियों की, तथा

(ख) इन्दौर शहर के पास उपनगर बनाये जाने के संबंध में 24 व्यक्तियों की

याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

(2) श्री इन्द्रजीत कुमार, पटेल, सदस्य :—

(क) जिला सीधी के ब्लॉक सिंहावल में सामुदायिक विकास केंद्र (30 बिस्तरों का) अस्पताल खोले जाने के संबंध में 15 व्यक्तियों की,

(ख) जिला सीधी के ग्राम सुपेला में संचालित अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को शासनाधीन किये जाने के संबंध में 15 व्यक्तियों की,

(ग) जिला सीधी के ग्राम अमिलिया में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नये भवन निर्माण कराये जाने के संबंध में 15 व्यक्तियों की, तथा

(घ) जिला सीधी, ब्लॉक सिंहावल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंहावल के नये भवन का निर्माण कराये जाने के संबंध में 21 व्यक्तियों की

याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

6. राज्य मंत्री लोक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का वक्तव्य

डा. राजेन्द्र प्रकाश सिंह, राज्य मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण दिनांक 26 जून, 1990 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्रमांक 1222) के उत्तर में संशोधन किये जाने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

7. वर्ष 1990-91 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमश:)

निर्धारित समय		
1 घंटा 30 मिनट	(1)	मांग संख्या 13 कृषि.
		मांग संख्या 52 कृषि विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं.
		मांग संख्या 54 कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा से संबंधित व्यय.
1 घंटा	(2)	मांग संख्या 66 पिछड़ा वर्ग कल्याण.
		मांग संख्या 49 हरिजन कल्याण.
		मांग संख्या 64 अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना.
1 घंटा	(3)	मांग संख्या 34 समाज कल्याण.
		मांग संख्या 55 महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित व्यय.
1 घंटा	(4)	मांग संख्या 5 जेलें.

भोपाल :
दिनांक 17 जुलाई 1990.

विश्वेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.